तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024



9 एसडीएम ने आरसी-लाइसेंस ब्रांच का किया निरीक्षण





10 नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 375 आंखों की जांच




## खबर संक्षेप

### नशीले पदार्थ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 ने मादक पदार्थ तस्करी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बलबीर, शिवकुमार निवासी मकरदपुर यूपी व जगतपाल निवासी शहजानपुर यूपी का है। उप निरीक्षक संदीप ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बड़ी एरिया में मौजूद थी। उसी दौरान टीम ने मादक पदार्थ तस्करी करने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए तीन संदिग्धों को काबू कर लिया। उनके पास बैग में नशीला पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर 7 किलो 600 ग्राम व 17 किलो 600 ग्राम दूसरे बैग में मिला। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### अवैध शराब बरामद आरोपित फरार

**खरखौदा।** थाना कलां गांव से खरखौदा पुलिस ने तीन पेटी अवैध शराब बरामद की है। जिसे तस्करी कर दिल्ली ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। आरोपी युवक शराब से भरे थैले को छोड़कर फरार हो गया। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हेड कांस्टेबल मनीष का कहना है कि वह थाना कलां में गश्त पर थे कि सूचना मिली कि एक युवक अमित यहां से शराब ले जाकर दिल्ली में सप्लाई करने का काम करता है। टीम मौके पर जाकर उसका इंतजार करने लगी। कुछ देर बाद आया युवक सामने पुलिस को देखकर वापस मुड़ गया और लिए हुए थैले को एक मकान के बाहर रखकर अंदर जा घुसा। शक होने पर जब टीम मकान में पहुंची तो युवक पीछे से खिड़की के रास्ते फरार हो चुका था।

# नैफेड का लक्ष्य पूरा, हैफेड ने सरसों की खरीद की बंद

## किसानों ने प्रदर्शन किया, देर शाम आढ़तियों के माध्यम से खरीद पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) ने लक्ष्य पूरा होने पर सरसों की खरीद नहीं की। जिसके चलते सरसों उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ गई। दोपहर के समय सोनीपत मंडी में किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सोनीपत मंडी में पहुंचे सरसों उत्पादक किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान सोनीपत मार्केट कमेटी की सचिव ज्योति मोर ने किसानों को आश्वस्त किया और हरियाणा राज्य वेयरहाउस कार्पोरेशन (एचडब्ल्यूसी) के अधिकारियों से बात करके मंडी में बुलाया। एचडब्ल्यूसी अधिकारियों ने मंडी में शाम को आढ़तियों के माध्यम से सरसों की खरीद शुरू की। इसके बाद किसानों को राहत की सांस ली।

बता दें कि सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में सोमवार को सरसों की खरीद प्रक्रिया को बंद कर दिया गया। जिसके बाद मंडी में पहुंचे किसान जगमेंद्र, संजय, मुकेश, सुकेश, सुरेश, नरेंद्र, सतबीर, बलवान ने अधिकारियों पर आरोप लगाए कि सरकार की ओर से मंडियों में किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीद करने का दावा करती है, लेकिन हैफेड ने अचानक खरीद बंद करके उनकी परेशानी बढ़ा दी है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका आरोप है कि प्राइवेट मिलर्स को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों से सरसों खरीद नहीं की गई। किसान रोष प्रदर्शन करते हुए मार्केट कमेटी के कार्यालय में पहुंचे। जहां मार्केट कमेटीसचिव ज्योति मोर ने फोन पर एचडब्ल्यूसी के अधिकारियों से बात की। इसके बाद जल्द सरसों की खरीद शुरू कराने का आश्वासन दिया। दोपहर बाद पहुंचे अधिकारियों ने किसानों से सीधे खरीद करने के बजाय आढ़तियों के माध्यम से सरसों की कॉमर्शियल खरीद करने की बात कही। सोनीपत अनाज मंडी में शाम 5 बजे के बाद सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुई। इस पर किसानों को राहत मिल सकी।



### किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा

सरसों की फसल की खरीद देर शाम को शुरू हो गई थी। सरकार की तरफ से किसानों को सुविधाएं देने व उनकी फसल का एक-एक दाना नियम के अनुसार खरीदने के निर्देश है। जिसकी पालना की जा रही है। किसानों को किसी सूरत में परेशान नहीं होने दिया जायेगा। -ज्योति मोर, सचिव मार्केट कमेटी

### नैफेड के लिए खरीदी 35650 क्विंटल सरसों, अब अपने लिए खरीदेगी हैफेड



हैफेड के जिला प्रबंधक उमाकांत शर्मा ने बताया कि नैफेड के लिए किसानों से सीधे 35650 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 30000 क्विंटल सरसों का उठान किया जा चुका है। साथ ही 20 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब हैफेड आढ़तियों के माध्यम से सरसों की खरीद करेगा। गन्नौर व गोहाना में खरीद शुरू हो चुकी है। गोहाना मंडी में 500 क्विंटल और गन्नौर मंडी में 1055 क्विंटल सरसों की खरीद की गई।

### गन्नौर में भी खरीद रही प्रभावित

**गन्नौर।** नैफेड ने प्रदेश में अपना निर्धारित सरसों एमएसपी पर लेने का कोटा पूरा होने पर सरकारी खरीद बंद कर दी है। जिसके चलते सोमवार को अनाज मंडी में किसानों की मुश्किलें बढ़ गई। हालांकि नैफेड की खरीद बंद होने के बाद हैफेड ने मंडी में किसानों की सरसों की कमर्शियल खरीद शुरू कर दी, लेकिन इस बीच किसानों की सरसों फसल की खरीद का कार्य प्रभावित रहा। अनाज मंडी में नैफेड द्वारा सरसों की एमएसपी पर खरीद हैफेड के माध्यम से की जा रही थी, लेकिन कोटा पूरा होने की वजह से नैफेड ने सोमवार को खरीद को अचानक बंद कर दिया। नैफेड द्वारा 50 किलोग्राम प्रति बारदाना के हिसाब से खरीद कर रही थी, जिस वजह सोमवार को पहुंची किसानों की सरसों को 50 किलोग्राम प्रति बारदाना के हिसाब से भर दिया गया। जब नैफेड द्वारा खरीद करने से मना कर दिया तो बारदाना में भरी फसल को फिर से खाली करना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार हैफेड 50 की बजाय 45 किलोग्राम प्रति बारदाना के हिसाब से फसल की खरीद करती है। एजेंसी बदलने की वजह से उनका बारदाना भी अलग होता है। काफी इंतजार के बाद हैफेड का बारदाना मंडी में पहुंचा तो इसके बाद ही किसानों की सरसों की फसल हैफेड के बारदाने में भरी जा सकी। जिसके बाद ही हैफेड ने सरसों की कमर्शियल खरीद शुरू की। इससे पहले नैफेड द्वारा खरीद बंद करने के बाद परेशान किसान मार्केट कमेटी सचिव दीपक सुहाग से मिले।

# कपूत के नहीं कांपे हाथ मां के दिल से चाकू आरपार

## महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी मनाजात में बेटे ने मां के दिल समेत शरीर पर चाकू से सात वार कर उनकी हत्या की थी। दिल में लगा चाकू जानलेवा बन गया। मां पर ताबड़तोड़ वार करते समय भी बेटे के हाथ नहीं कांपे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। वहीं पिता ने पुलिस को दी शिकायत में भी बड़ा खुलासा किया है कि बेटे ने उनके सामने ही अपनी मां को चाकू मारे थे। जब वह बचाने भागे तो आरोपित उसे मारने की धमकी देकर भाग गया। उनका आरोप है कि बेटे का गांव की महिला से मेलजोल था। जिसका परिवार के सदस्य विरोध करते थे। यही रंजिश हत्या का कारण बन गई।



आरोपित युवक

### आरोपित का सुराग नहीं

चाकू गोदकर अपनी मां की बेहरमी से हत्या आरोपित ने की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। आरोपित की तलाश के लिए पुलिस टीमें संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है।
एसआई परमजीत सिंह, जांच अधिकारी बारोटा चौकी।

### यह था मामला

गांव खेड़ी मनाजात निवासी निर्मला (49) की रविवार दोपहर बाद घर के अंदर चाकू से वार कर हत्या कर दी गई थी। महिला के पति ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है कि वह घटना के समय बाहर गए थे। जब घर लौटे तो देखा कि इकलौता बेटा नवीन अपनी मां को चाकू मार रहा था। उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह धमकी देकर भाग गया। वह पत्नी निर्मला को लेकर अस्पताल गए तो उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बलराज ने पुलिस को बताया है बेटे का गांव की महिला संग मेलजोल था। यह उन्हें और परिवार को पसंद नहीं था। वह अक्सर उसे टोकते थे। वह तथा उनकी पत्नी बेटे को महिला के पास जाने से रोकते थे। जिसके चलते वह रंजिश रखने लगा। उन्होंने उसे जमीन-जायदाद से बेदखल तक कर दिया था। वह महिला से मिलने से रोकने से उनसे खफा था और इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आरोपित नवीन ने मां निर्मला पर चाकू से सात वार किए हैं। जिसमें पांच निशान पेट, एक दिल और एक हाथ पर लगा। दिल पर लगे चाकू ने निर्मला की जिंदगी लील ली। मां के पेट व दिल पर चाकू से वार करते हुए आरोपित के हाथ नहीं कांपे और वार करता चला गया।

### कैहल्पा में खेत से मोटर, बैट्री व अन्य सामान चोरी

**गोहाना।** गांव कैहल्पा के खेतों में किसान के खेत में बने कमरे से चोरों ने ट्यूबवेल का पंखा चोरी कर लिया है। उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। दीपक ने पुलिस को बताया कि चोर पहले खेतों से किसानों की तीन मोटर, बैट्री, इनवर्टर और अन्य सामान चोरी कर चुके हैं। अब ट्यूबवेल का पंखा चोरी कर लिया।







रोहतक,मंगलवार
9 अप्रैल 2024
हरिभूमि
सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

# मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

## मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

## नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।


## मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

**मां के** रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

# आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।



**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकेन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर

आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

# व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन

नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।





**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

प्रस्तुति:निधि गोयल

परवरिश / सरस्वती रमेश

# बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन



नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-

**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

**लोगों को परखना सिखाएं:** जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

# नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार


## साबूदाना पोटेटो पकोड़े



**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

## राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ जीवन जीने के लिए किया प्रेरित



**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य से संबन्धित अनेक महत्वपूर्ण बातें बताई गई। स्वास्थ्य का जीवन में महत्व जानने के लिए बच्चों ने अनेक गतिविधियों जैसे भाषण, कविता एवं विचार के माध्यम से बेहतर प्रयास किए। इस दिन को मनाने का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

### सरकार से जनता का मोहभंग: अभय चौटाला



**खरखौदा।** द्रोणाचार्य अवॉर्डी अनूप दहिया के आमंत्रण पर इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला सिसाना पहुंचे। जनसमूह को संबोधित करते उन्होंने कहा है कि प्रदेश के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार ,अपराध चरम सीमा पर पहुंच गये हैं। प्रदेश में बिजली ,पानी की किल्लत से जनता परेशान हो चुकी है। किसान ,कर्मचारी व जनता अपनी मांगों को लेकर प्रतिदिन रोष प्रदर्शन करके धरना दे रहे हैं। लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।

### हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 शुभारंभ पर यज्ञ आज

**गोहाना।** हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 के शुभारंभ पर भारत विकास परिषद की गोहाना इकाई मंगलवार को सुबह 7 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रवाल सत्संग भवन में हवन करवाएगी। हवन की अध्यक्षता गोहाना भाविप के अध्यक्ष एडवोकेट ललित गोयल करेंगे। संयोजन सचिव प्रमोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संदीप जैन और महिला संयोजक मानसी अरोड़ा करेंगे। मुख्य यज्ञमान सुनील कुच्छल और उनकी पत्नी संतोष कुच्छल होंगे।

### तापमान में हो रही बढ़ोतरी, प्रदूषण से राहत

**बहादुरगढ़।** गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को इलाके में अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जो रविवार के मुकाबले तीन डिग्री अधिक था। बेशक गर्मी बढ़ रही है लेकिन फिलहाल इलाके की आबोहवा साफ है। लोगों को प्रदूषण से छुटकारा मिला हुआ है। सोमवार को औसतन एक्यूआई 142 दर्ज किया गया।

### ट्रेन में महिला के हाथ से निकाला सोने का ब्रेसलेट

**बहादुरगढ़।** रोहतक जाने के लिए इंटरसिटी गाड़ी में सवार हुई महिला के साथ वारदात हो गई। भीड़ का फायदा उठाकर किसी शातिर ने उसके हाथ से सोने का ब्रेसलेट निकाल लिया। वारदात पूजा के साथ हुई है। पूजा रोहतक की रहने वाली है। गत छह को दिल्ली से रोहतक जाने वाली इंटरसिटी गाड़ी में बहादुरगढ़ से सवार हुई। रोहतक जाना था। इसी दौरान उसके साथ वारदात हो गई। पीड़िता का कहना है कि जब वह ट्रेन में थी तो एक महिला उसके पास आई थी।

## सीएम फ्लाइंग टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

# पीएचसी राजलू गढ़ी में खाली पड़े मिले चिकित्सकों के ओपीडी रूम

### एसएमओ ने कहा कि केन्द्र के प्रभारी की पुरखास में ड्यूटी तो दूसरे डॉक्टर की जीएच में लगी है ड्यूटी

### कर्मचारियों की कमी से ग्रामीणों में प्रशासन व सरकार के प्रति रोष



**गन्नौर।** बिना डाक्टरों के खाली पड़ी ओपीडी रूम में कुर्सियां व कमरे। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र राजलू गढ़ी में कर्मचारियों की अनुपस्थिति के मामले में सीएम फ्लाइंग द्वारा छापेमारी के बाद भी केन्द्र में तैनात कर्मचारियों की कमी देखने को मिल रही है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन व सरकार के प्रति रोष है। सोमवार को हरिभूमि की टीम ने दोपहर बाद ग्रामीणों के साथ पाया कि केन्द्र में तैनात तीन डाक्टरों में से एक भी चिकित्सक मौजूद नही था। केन्द्र में लैंब, चिकित्सकों के ओपीडी रूम, स्टोर में सभी कुर्सी खाली पड़ी थी तो केन्द्र के पुराने भवन में केवल दो महिला कर्मचारी व साथ में बने भवन में एक महिला कर्मचारी के अलावा फार्मेसी रूम में एक युवक तैनात था। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक भी फार्मेसी में ट्रैनिंग पर आया है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि सीएम फ्लाइंग की चैकिंग के बाद भी कर्मचारियों में डयूटी के प्रति गंभीरता नही दिखा रहे है। ग्रामीण त्रिलोक ने बताया कि सरकार द्वारा गांव में पीएचसी बनाई है तो ग्रामीणों को स्वास्थय सुविधाएं पूरी मिलनी चाहिए। ग्रामीणों के अस्पताल में दवा लेने जाने पर सभी चिकित्सक मिलने चाहिए। इसके अलावा सरकार को नए भवन का निर्माण करना चाहिए। नए भवन के निर्माण के लिए पंचायत भी जमीन देने को तैयार है।

#### रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी

प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र में कर्मचारियों के समय पर डयूटी पर न आने की शिकायत के सीएम फ्लाइंर्ग व गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण कर जांच की तो उस दौरान भी डा. व कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। टीम ने रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी थी।

#### पूछताछ की जाएगी

सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र गन्नौर की एसएमओ डा. टीना आन्नद ने बताया कि राजलू गढ़ी पीएचसी के इन्चार्ज डा. गौरव की पुरखास में दो दिन के लिए डयूटी लगाई गई है। दूसरे डा. की जीएच नाईट में डयूटी लगी है। तीसरी डा. मनीता भी नही है। केन्द्र में 4 चिकित्सकों की स्वीकृत पोस्ट है। डा. टीना ने बताया कि अन्य कर्मचारी भी डयूटी पर नही है तो उनसे पूछताछ की जाएगी।

#### एसडीएम ने आरसी-लाइसेंस ब्रांच का किया निरीक्षण



**गन्नौर।** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने सोमवार को आरसी एवं लाइसेंस ब्रांच का निरीक्षण किया। एसडीएम नागर ने ब्रांच का रिकार्ड जांचने के साथ ही कर्मियों को निर्देश दिए कि आमजन के कार्यों में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। आरसी एवं लाइसेंस ब्रांच के निरीक्षण में एसडीएम ने पाया कि आरसी एवं लाइसेंस रिकार्ड रखने में लापरवाही बरती जा रही है। रिकार्ड के रजिस्टर पूरे तैयार नहीं मिले और कई रजिस्टरों में वर्ष व महीने का भी उल्लेख नहीं किया गया था। जब उन्होंने कर्मचारियों से जवाब मांगा तो कर्मचारियों ने बताया कि सभी फाइलों का रिकार्ड आनलाइन है। इस पर एसडीएम ने कहा कि सभी फाइलों को रिकार्ड आनलाइन तो है, लेकिन वह आरसी एवं लाइसेंस का सारा रिकार्ड अलग-अलग आफलाइन वर्ष व महीने के साथ तैयार करें, ताकि जरूरत पड़ने पर वह आसानी से मिल सके। वही जांच में यह भी सामने आया कि ब्रांच से आरसी व लाइसेंस लेकर जाने वाले लोगों का रिकार्ड रखने में भी खानापूर्ती की जा रही है। उन्होंने लाइसेंस क्लर्क को नोटिस जारी कर सोरकार्ड को वर्ष व महीने के साथ तैयार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन लाइसेंस क्लर्क ह्वयोति व कपिल को भी अपने समय का सारा रिकार्ड सही तरह से ब्रांच को सौंपने के लिए नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान पत्रिका का विमोचन करते भाजपा नेतागण।

## सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए काम करें: शेष नारायण पर्व पत्रिका का किया विमोचन

- राजीव जैन ने पुजारियों से शहर में मजबूत संगठन बनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने मंदिर पुजारियों से शहर में मजबूत संगठन बनाने की अपील की ताकि समय समय पर आने वाली समस्याओं का समाधान तुरंत हो सके। साथ ही एक शहर एक त्यौहार मनाने का भी आग्रह किया।

राजीव जैन गत रात्रि दुर्गा मंदिर ककरोई रोड के प्रांगण में सम्वत 2081 पर्व पत्रिका के विमोचन अवसर पर पुजारियों की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर माईराम कौशिक ने जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे गाना सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव जैन ने कहा कि एक ही त्यौहार दो-दो दिन मनाने से असुविधा होती है और त्यौहार का महत्तव भी कम हो जाता है।

शेष नारायण महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि अपने निजि सवार्थ से ऊपर उठकर सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए काम करे ताकि भारत का डंका विश्व में बज सके। पुजारियों ने मांग रखी कि सरकार इमामों की तर्ज पर पुजारियों को भी मासिक भत्ता प्रदान करे तथा आपात सिथति में आर्थिक मदद करे। कार्यक्रम में विशेष तौर पर भाजपा नेता तरुण देवीदास, योगेशपाल अरोड़ा, अमित शौनक, लक्ष्मण पाठक, योगेश शर्मा, पं विपिन, विशाल शर्मा, हेमंत शर्मा, पं. राजेंदर त्रिपाठी, सुरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्तन कैंसर के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

- महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का मौका दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



कार्यक्रम के दौरान पहुंचें विधायक सुरेंद्र पंवार साथ में क्लब के पदाधिकारी।

आज रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट ने स्तन कैंसर की जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें मुफ्त मैमोग्राफी परीक्षण की सुविधा प्रदान करना था। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों ने अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण बनाया और महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का मौका दिया।

कार्यक्रम में राय मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के चिकित्सकों का समर्थन और शारदा हॉस्पिटल, नोएडा से मैमोग्राफी बस के महत्वपूर्ण योगदान का भी धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र पंवार की भी उपस्थिति रही। उन्होंने इस अभियान की प्रशंसा की और शहर के अन्य क्षेत्रों में इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने की इच्छा व्यक्त की। क्लब के प्रधान डॉ. निखिल ने आगे भी इस प्रकार के जांच और भी जगहों पर लगाने अथवा जागरूकता बढ़ाने का आश्वासन दिया। क्लब से विशाल, चीनाली, निशित, राजन, मीनाक्षी, अभिषेक, रेखा, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. मनोज, डॉ. तुषार, डॉ. त्रिशला, पुनीत मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल के लिए 26 नए प्रवेश प्राप्त किए

**गोहाना।** शहर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों की टीम सोमवार को माहरा गांव में पहुंची। इस टीम ने डोर-टू-डोर विजिट करते हुए शहरी सरकारी स्कूल के लिए 26 नए ग्रामीण प्रवेश प्राप्त किए। टीम का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य सत्येंद्र दहिया ने किया। उनकी टीम में सुदेश, सरोज, रिचा, मनोज, शिवा जी, जगविजय, बलराज और नरेश थे। प्रिंसिपल दहिया ने अभिभावकों को स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत करवाया तथा उन्हें अपने बच्चों को उनके स्कूल में दाखिल करवाने के लिए प्रेरित किया। सत्येंद्र दहिया ने कहा कि स्कूल में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस के लिए सुयोग्य और कुशल अध्यापक उपलब्ध हैं। स्कूल में खेल-खेल में शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा की विशेष व्यवस्था है। प्रिंसिपल ने दावा किया कि पहले ही दिन 26 अभिभावक अपने बच्चों को दाखिल करवाने के लिए तैयार हो गए। यह अभियान आगामी 15 दिन तक जारी रहेगा।

## होनहार छात्रों का किया सम्मान

- विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में हुआ नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत के राजनीतिक शास्त्र विभाग के अंतर्गत आने वाले कोर्स स्नातक राजनीतिक शास्त्र (ऑनर्स) के विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ-साथ अच्छे अंक प्राप्त करके महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की मेरिट सूची में स्थान बनाकर सीआरए कॉलेज का नाम रोशन किया। मदवि ने यह मेरिट सूची टॉप टैन में आने वाले टॉपर विद्यार्थियों की बनाई है। बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र के प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रेरणा ने संपूर्ण विश्व विद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह व डॉ. ऊषा दहिया( विभागाध्यक्ष राजनीतिक शास्त्र विभाग) ने अपना आशीर्वाद दिया व सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर राजनीति शास्त्र विभाग के सभी प्राध्यापक प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** चुने गए पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### सर्वसम्मति से राजगोपाल बने प्रधान

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल परिसर में सोमवार को एसोसिएशन ऑफ फामेर्सी ऑफिसर सोनीपत यूनिट के सदस्यों की मासिक बैठक हुई। इसमें एसोसिएशन का चुनाव भी कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजगोपाल मलिक को दोबारा जिला प्रधान नियुक्त किया गया। चिराग आंतिल को जिला महासचिव, कुरनेंद्र भारद्वाज को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने यूनियन के सदस्यों के मुद्दों को उठाने की बात कही। साथ ही सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। मुख्य फामेर्सी अधिकारी राजबीर कुंडू, वरिष्ठ फामेर्सी अधिकारी नरेंद्र सरोहा, लखनपाल, विजय राठी, प्रेम कौर, मंजीत दहिया, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रमेंद्र ,अनिल दहिया, रोशनलाल, सन्नी गुप्ता, सरिता, मोनिका, कमलेश, सुशीला मौजूद रहे।

## शिविर में 78 लोगों ने किया रक्तदान

### भगवान परशुराम चौक पर कैंप का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

सोमवार को भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में 78 लोगों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। यह शिविर शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि संस्कार भारती गोहाना के अध्यक्ष दलबीर दांगी और प्रांतीय कोषाध्यक्ष राकेश गंगाना थे। विशिष्ट अतिथि जितेंद्र अरोड़ा रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध संस्था आहुति के संयोजक सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में आर्मी से सचिन और मनिंद्र ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में सुनील कुमार, अश्विनी, सुमित कथूरिया, अनिल, दीपक शर्मा, अशोक, देवेंद्र, रवि कुमार, आनंद शर्मा, संदीप कुमार, मोनू, जसमेर, मुकेश कालड़ा, मंजीत मोर, बिजेंद्र सिंह और योगेश ने रक्तदान किया।



**सोनीपत।** प्रतिभागी मोनिका के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### मोनिका ने अपने अनुभव साझा किए

**सोनीपत।** धानाचूली (उत्तराखंड) में आयोजित युवा नेतृत्व और प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर लौटी जीवीएम गर्ल्ज कालेज की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने अपने अनुभव साझा किये। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मोनिका का स्वागत करते हुए इस चयन के लिए बधाई दी। जीवीएम की एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि युवा नेतृत्व और प्रशिक्षण शिविर (वाईएलटीसी) के लिए सीमित विद्यार्थियों का चयन किया गया था, जिनमें जीवीएम की मोनिका शामिल रही। शिविर के दौरान मोनिका ने विभिन्न प्रकार की साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इनमें ऊंची विभिन्न प्रकार की सीढ़ियों पर चढ़ना, चट्टान से कूदना, उत्साहजनक फ्लाइंग फॉक्स शामिल रहे। इसके अलावा शिविर में 14 किलोमीटर की पदयात्रा, लंबी पैदल यात्रा, मकड़ी के जाल, तीरंदाजी, जादू बॉक्स, कुंजी पंच, शुतुरमुर्ग अंडे, बारूदी सुरंगों जैसी गतिविधियों के साथ एक मिनी ओलंपिक शामिल था।



लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम डा. निर्मल नागर।

#### शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के आदेश

**गन्नौर।** सी-विजिल एप की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो इसको लेकर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने लघु सचिवालय के सभागार में बैठक ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से लेते 100 मिनट के अंदर उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए क्षेत्र में छह फ्लाइंग स्क्वैड टीम तैनात हैं। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वैड टीम में तैनात सभी ड्यूटी मेजिस्ट्रेट, शिक्षा विभाग के बीआरसी आजाद दहिया, बीडीपीओ विभाग के एसईपीओ जयभगवान के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए कि गांवो में कई सरकारी व निजी भवनों की दिवारों पर पार्टियों से संबंधित नारे लिखे हैं, जिन्हें तुरंत प्रभाव से हटवाया जाना चाहिए। फ्लाइंग स्क्वैड टीम के ड्यूटी मेजिस्ट्रेट अपने आधीन क्षेत्र पर पैनी नजर बनाए रखें। सी-विजिल एप से मिलने की वाली शिकायत का समय पर निस्तारण करें। उन्होंने बीआरसी आजाद दहिया से सरकारी स्कूलों की दीवारों पर छपे नारों को तुरंत प्रभाव से हटवाने के निर्देश दिए। वहीं बीडीपीओ कार्यालय के एसईपीओ जयभगवान को निर्देश दिए कि वे दो कर्मचारियों की ड्यूटी कंट्रोल रूम में लगाएं।

## आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली

# शराब की अवैध तस्करी के विरुद्ध अपनाएं जीरो टॉलरेंस की नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अधिकारियों की बैठक लेते आयुक्त अशोक कुमार मीणा।

हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शराब की अवैध तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, जिसे जिलों में सख्ती से लागू करें। अन्य राज्यों से अवैध शराब के रूप में एक बोतल भी प्रदेश से नहीं गुजरती चाहिए। परमिटशुदा शराब की आवाजाही के लिए प्रदेशभर में 45 रूट निर्धारित किये गये हैं। निर्धारित रूटों से ही अनुमतिशुदा शराब लेकर जा सकते हैं। अन्य किसी भी रूट पर शराब की आवाजाही मिलने पर वाहन और शराब को तुरंत सीज करें।

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार अवैध शराब की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध के उद्देश्य से लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा कर रहे थे। उन्होंने कहा अवैध शराब पर पूर्ण लगाम के लिए राजस्व तथा एक्साईज और पुलिस विभाग को बेहतरीन तालमेल के साथ कार्रवाई करनी होगी। अवैध शराब को लेकर चुनाव आयोग बेहद गंभीर है। इसके लिए विभाग ने क्यूआर कोड की व्यवस्था की है, जिसके माध्यम से उत्पादन तिथि, रवानगी, होलसेल व रिटेलर इत्यादि की पूर्ण सूचना प्राप्त की जा सकती है। चौबीस घंटे कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन सिस्टम से परमिट की जानकारी ली जा सकती है। मिसमैच मिलने पर फौरन कड़ी कार्रवाई करें। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार, एडीसी अंकिता चौधरी, डीसीपी मनबीर सिंह, डीसीपी नरेंद्र सिंह, एसडीएम विवेक आर्य, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम श्वेता सुहाग, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा, जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री, डीईटीसी नीलरतन व नरेंद्र कौशिक आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

#### ट्रांजिट स्लिप से होगी पहचान

आयुक्त अशोक मीणा ने जानकारी दी कि बाहरी राज्यों से आने वाली अवैध शराब की रोकथाम के लिए ट्रांजिट स्लिप की व्यवस्था की गई है, जिसकी सहायता से सरलता से अवैध शराब की पहचान हो सकती है। एंट्री प्वाईंट पर ट्रांजिट स्लिप की जांच अवश्य करें, जिसमें हर प्रकार की आवश्यक जानकारी मिलेगी। इसके लिए पैंतालीस रूट बनाए गए हैं। यदि एक भी जानकारी अथवा रूट की अनुपालना न मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करें। एफएसटी तथा एसएसटी के माध्यम से नियमित तौर पर जांच करें। एसएसटी व एफएसटी के साथ जीएसटी अथवा एक्साईज के एक अधिकारी की ड्यूटी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि एफएसटी व एसएसटी टीमें चैकिंग के लिए कोई एक स्थान निर्धारित न करें। वे अपनी जगह बदलते रहें।

